# <u>प्रेस नोट दिनांक 19.03.2025</u>
# <u>थाना बारादरी जनपद बरेली।</u>

**<u>थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने वाले बदमाश को दौराने पुलिस मुठभेड किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल, चोरी का टेवलेट एवं एक नाजायज तमन्चा मय एक खोखा व जिन्दा कारतूस बरामद।</u>**

दिनांक 18/19.03.2025 की रात्रि को संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक बारादरी मय थाना पुलिस टीम द्वारा हारूननंगला भरतौल रोड पर संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर मो0सा0 सवार एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा कर आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त **फहीम पुत्र रफीक उर्फ महकू निवासी हजियापुर चुंगी थाना बारादरी जनपद बरेली** को दाहिने पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्त के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक चोरी का टेबलेट व एक नाजायज तमन्चा मय एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। **अभियुक्त से बरामदा टेबलेट थाना बारादरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 246/2025 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित है, जिसके संबंध में श्री ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम ननपुरा थाना मीरगंज बरेली द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था और बताया गया था कि उक्त टेबलेट दिनांक 15.03.2025 को जीवन धारा अस्पताल पर विजिट के लिए खडी कार से अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिया गया था,** अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2)/317(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है। पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 251/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमाण्ड की कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर अन्य चोरियों के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>** मोहम्मद फहीम पुत्र रफीक उर्फ महकू निवासी हजियापुर चुंगी थाना बारादरी जनपद बरेली ।

**<u>आपराधिक इतिहासः- अभियुक्त फहीम उपरोक्तः-</u>**
1.मु0अ0सं0 873/2018 धारा 379 भादवि थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
2.मु0अ0सं0 0916/2022 धारा 379/411 भादवि थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
3.मु0अ0सं0 0064/2022 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद बरेली।
4.मु0अ0सं0 046/2022 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद बरेली ।
5.मु0अ0सं0 0306/2021 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली जनपद बरेली ।
6.मु0अ0सं0 0633/2024 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बरेली।
7.मु0अ0सं0 0645/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद बरेली।
8.मु0अ0सं0 0246/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली।

**<u>विवरण पूछ्ताछः-</u>** अभियुक्त से पूछताछ में जानकारी हुई कि यह एक शातिर चोर है तथा कई बार चोरियों में जेल भी जा चुका है, इसका मुख्य कार्य सुनसान स्थानों पर खडी कारों एवं बैंक के आसपास खडी कारों के शीशे तोडकर या लॉक खोलकर उसमें से पैसे व कीमती सामान को चुरा लेना है उक्त बरामदा टेबलेट उसने **दिनांक 15.03.2025 को जीवन धारा अस्पताल के पास खडी कार से चुरा लिया था,** उक्त टेबलेट को बेचने के लिए बरेली सैटेलाइट आया था किन्तु ग्राहक नहीं मिला। अन्य स्थानो पर भ्रमण कर चोरी करने का प्रयास किया किन्तु सफल नहीं हो पाया और इसी दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर पीछा किये जाने के कारण जान से मारने की नीयत से तमन्चे से फायर किया, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास से जो मो0सा0 बरामद हुयी है वह भी चोरी की है इसका प्रयोग यह अन्य चोरी की घटनाओं में आने जाने के लिए करता है।

**<u>बरामदगीः-</u>** 01 तमन्चा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, एक चोरी का टेबलेट सम्बन्धित मु0अ0सं0 246/2025, एक मोटरसाइकिल होण्डा साइन बिना नम्बर प्लेट रंग आसमानी ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**
1.प्रभारी निरीक्षक श्री धनंन्जय पाण्डेय थाना बारादरी बरेली ।
2.व0उ0नि0 श्री रोहित शर्मा थाना बारादरी बरेली ।
3.उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह प्रभारी चौकी मॉडल टाउनन थाना बारादरी बरेली ।
4.उ0नि0 श्री जावेद अख्तर प्रभारी चौकी कांकरटोला थाना बारादरी बरेली ।
5.हे0का0 534 आशीष कुमार थाना बारादरी बरेली
6.का0 2893 सिद्धान्त चौधरी थाना बारादरी बरेली
7.का0 276 अंकुर कुमार थाना बारादरी बरेली
8.का0 229 अमन कुमार थाना बारादरी बरेली
9.का0 2058 पुलकित कुमार थाना बारादरी बरेली
10.हे0का0 चालक सुखवीर सिंह थाना बारादरी बरेली